समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# वीरेद्रं सहवाग ने पाकिस्तान को ललकारा, कहा- हमारी सेना ऐसा जवाब देगी पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा।

Publisher

Published on 09 May 2025



**टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर वीरेद्रं सहवाग ने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है. सहवाग ने पाकिस्तान से कहा है कि इस बार भारतीय सेना पाकिस्तान को ऐसा जवाब देगी जिसे वह कभी नहीं भूलेगा.**

पाकिस्तान अपने नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा. आतंक का पनाहगार पाकिस्तान भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के अड्डों पर किए गए एयर स्ट्राइक से आगबबूला हो गया है. उसने भारत पर एक के बाद एक कई हमले गुरुवार को किए जिसे भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया. अब इस तनाव के बीच टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है. सहवाग ने पाकिस्तान से कहा है कि इस बार भारतीय सेना पाकिस्तान को ऐसा जवाब देगी जिसे वह कभी नहीं भूलेगा.

सहवाग ने अपने सोशल मीडिया ‘एक्स’ पर लिखा, ‘पाकिस्तान ने युद्ध का रास्ता चुना, क्योंकि उन्हें चुप रहने का मौका मिला था. उन्होंने अपने आतंकी ठिकानों को बचाने के लिए युद्ध छेड़ दिया है, जो उनके बारे में बहुत कुछ कहता है. हमारी सेना सबसे उचित तरीके से जवाब देगी, ऐसा तरीका जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा.’

वहीं भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने भी पाकिस्तान पर निशाना साधा उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक ‘दुष्ट देश’ बताया है. पूर्व क्रिकेटर ने कहा, ‘पाकिस्तान कितना दुष्ट देश है. भारत उसे हरा देगा.’

ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने देश की सेना का मनोबल बढ़ाया. भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं की उनके साहस के लिए सराहना की.

अंबाती रायुडू के पोस्ट पर बवाल

बता दें इससे पहले टीम इंडिया के ही एक और पूर्व क्रिकटर ने ऐसा बयान दिया था जिसपर खूब बवाल हो गया. दरअसल भारत की जवाबी कार्रवाई के बीच अंबाती रायुडू ने ट्वीट किया, “आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है.” उनका यह पोस्ट भारतीय यूजर्स को पसंद नहीं आया. एक यूजर ने उन्हें ट्वीट तुरंत डिलीट करने को कहा. वहीं एक अन्य ने कहा कि जब तक हम ऐसा सोचेंगे हमारी दोनों आंखें जा चुकी होगी.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.